कोलायत गर्ल्स कॉलेज में प्रतियोगिताएं

■ **निज संवाददाता**

कोलायत। राजकीय कन्या महाविद्यालय कोलायत में 19 से 24 दिसम्बर तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में कौशल्या पंचारिया, पूजा मेघवाल व पूजा भट्टाचार्य ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त किए। आशु भाषण (1 मिनट) में कृष्णा प्रजापत, पूजा मेघवाल व पार्वती प्रथम तीन स्थानों पर रहे। आशु भाषण (2 मिनट) में किन्नू मेघवाल व जसोदा दर्जी तथा मंजू मेघवाल प्रथम तीन स्थानों पर रहे। निबंध प्रतियोगिता लघु में चरणजीत कौर, किन्नू मेघवाल व जसोदा दर्जी ने और निबंध लेखन वृहद में सरोज मेघवाल, आशा मेघवाल और मोनिका कड़ेला ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त किए। आज पुरस्कार वितरण किए गए। सभी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य राजेंद्र कुमार सुथार, राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी। छात्राओं को सह शैक्षिक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने को कहा।